कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्ठाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांकः DSW/
दिनांकः 19.07.2023

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में सभी स्नातक पाठ्यक्रमो मे पंजीकरण दिनांक 15.07.2023 को बन्द कर दिये गये थे। विश्वविद्यालय द्वारा उक्त स्नातक पाठ्यक्रमों (बी0पी0ई0एस0/ बी0एससी0 फिजिक्ल एजुकेशन, हेल्थ एजुकेशन एण्ड स्पोटस पाठ्यक्रमों को छोड़कर), सभी सर्टिफिकेट व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की प्रथम वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) 21.07.2023 की शाम को प्रकाशित कर दी जायेगी। परन्तु चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में संचालित बी0ए0 एल–एल0बी0 (पाँच वर्षीय)/ बी0कॉम0 एल–एल0बी0 (पाँच वर्षीय) मे पंजीकरण अगले आदेश तक होते रहेंगे। प्रथम वरीयता सूची के आधार पर विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में दिनांकः 22.07.2023 से दिनांकः 26.07.2023 तक (04 कार्य दिवस) प्रवेश किये जायेंगे। विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिनांकः 26.07.20तक समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियों को सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान द्वारा सम्पुष्ट (कन्फर्म) सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।

सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश लेने हेतु समस्त अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आई0डी (login ID) से अपना पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर डाउनलोड करेंगे। पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर के साथ अपने शैक्षिक प्रमाण, आरक्षण समबन्धी प्रमाण, मूल निवास, आधार आदि समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करते हुए मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/महाविद्यालय/संस्थान में प्रवश हेतु सम्पर्क करें।

प्रथम वरीयता सूची पर अंकित विश्वविद्यालय परिसर विभाग/महाविद्यालय/संस्थान आवंटित होने पर यदि अभ्यर्थी प्रवेश लेने में असमर्थ रहता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को ओपन मेरिट में ही प्रवेश का अवसर दिया जायेगा।

19/7/23
प्रवेश समन्वयक